# Identification of Fake UTS Ticket




**Vigilance Directorate**
Rail Bhawan, New Delhi
Ministry of Railways

## Disclaimer

Every effort has been made to ensure that the information in this handbook is correct and updated. Further, this booklet is intended solely to raise awareness for the ticket checking staff while checking UTS Ticket and only for the purpose of guidance. The Ticket Checking Staff are advised to go through relevant Circular for further clarity. However, any errors or deviations from extant commercial circulars may be brought to the notice of concerned Commercial officials of Zonal Railway and Railway Board for corrective action. This booklet is circulated with the concurrence of the Commercial Directorate, Railway Board. No part of this publication may be reproduced, distributed or transmitted in any form or by any means including photocopying, recording or other electronic or mechanical methods for any commercial use, without the prior written permission of the Vigilance Directorate, Ministry of Railways. All rights reserved.

**For Internal Circulation Only**

# Preface

On the basis of a source information regarding tampering and sale of UTS tickets, a check was conducted. It was noticed that certain individuals were engaged in selling and exchanging tampered UTS tickets in the circulating area of a booking office. A subsequent raid led to the recovery of several UTS tickets with altered details including modifications to the route, date, origin–destination, fare, etc.

The group involved followed a systematic modus operandi. They first procured low-value UTS tickets typically procured from JTBS counters. These tickets were then chemically treated and stamped with rubber stamp to alter journey details and fares, making them appear as higher-value tickets. The culprits primarily targeted unsuspecting, innocent, and illiterate passengers, exploiting their lack of awareness to carry out the fraud. Some members of the group positioned themselves in booking queues, approaching passengers in a friendly manner and claiming to be traveling to the same destination. They offered to purchase UTS tickets on their behalf, later handed over the tampered tickets to the genuine passengers, and collected the full fare in cash. The genuine tickets obtained from these passengers were later used to claim refunds from UTS counters. This case study provides valuable insights into the methods employed by unscrupulous elements to exploit the UTS system and emphasizes the need for staff awareness regarding security features available on UTS tickets and strict enforcement to prevent recurrence.

In view of this, the present booklet has been prepared to provide practical guidance to Ticket Checking Staff and commercial staff in identifying fake or manipulated UTS tickets. This booklet elaborates on the various modes of issuing unreserved tickets, explains the security features available for verification in both offline and online modes, and details the common patterns of manipulation observed in the field. Further, it provides important tips to help staff distinguish genuine tickets from tampered ones during inspection. The security features mentioned in this booklet may vary across different Zonal Railways. The commercial and Ticket Checking staffs are therefore advised to refer to relevant Commercial Circulars for specific Zonal variations and additional guidance.

This booklet has been compiled with the concurrence of the Commercial Directorate, Railway Board. Any factual errors or deviations from extant instructions may kindly be brought to the notice of the concerned Commercial officials of the Division/Zonal Railway for necessary action. This publication is intended solely for awareness and guidance of Commercial and Ticket Checking Staff to assist them in verifying UTS tickets and to strengthen preventive vigilance in the field.

**K Uma maheswara Rao**
**Director Vigilance (Traffic),**
**Railway Board**

INDIAN RAILWAYS

UTS

UNRESERVED TICKETING


# Contents


| No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| I. | Various Modes of Issuing Unreserved Tickets. | 6 |
| II. | A) Security features available on UTS tickets for Verification (Offline mode).<br>B) Security features available on UTS tickets for Verification (Online mode). | 7-22 |
| III. | Probable Manipulation on UTS Tickets. (Case Study) | 23 |
| IV. | Important tips for identifying manipulated tickets | 24-26 |




# CHAPTER-I

## VARIOUS MODES OF ISSUING UNRESERVED TICKETS




| Point of Sale | | Average Sale per day | Share % |
|---|---|---|---|
| UTS | Unreserved Ticketing System | 4182690 | 60.79 |
| ATVM | Automatic Ticket Vending Machine | 1500272 | 21.80 |
| MOB | UTS on Mobile | 521504 | 7.58 |
| STBA | Station Ticket Booking Agent | 450163 | 6.54 |
| JTBS | Jan Sadharan Ticket Booking Sewak | 216445 | 3.15 |
| MUTS | Mobile UTS | 5648 | 0.08 |
| YTSK | Yatri Ticket Suvidha Kendra | 3666 | 0.05 |
| PUTS | Portable UTS | 901 | 0.01 |
| | **Total** | **6881289** | **100%** |

* As per data provided by CRIS

# CHAPTER-II

## PART-A

## SECURITY FEATURES AVAILABLE ON UTS TICKET FOR VERIFICATION:- OFFLINE MODE

| **Security features available in ATVM/UTS ticket for offline verification** | **ATVM** | **UTS** | **JTBS /YTSK TKT** |
|---|---|---|---|
| # All vowels (A, E, I, O, U) printed in special fonts ⇨ 1 | ✓ | ✓ | # |
| # Engine is printed on top left of UTS ticket ⇨ 2 | ✓ | ✓ | # |
| *Last four digits of stock number printed on UTS Ticket ⇨ 3 | ✓ | ✓ | ✓ |
| Random number is printed on bottom left corner of each ticket. ⇨ 4 | ✓ | ✓ | ✓ |
| watermark of Indian Railway Logo available on ticket stationery ⇨ 5 | ✓ | ✓ | ✓ |


# These security features may not be available at all UTS counters in some zonal railways due to unavailability of thermal printers.

* The last four digits of the stock number are printed on tickets issued using non-thermal printers/stationery. In case tickets are printed using thermal printers/stationery, all digits of the stock number are printed on the UTS ticket.


**"No Service worth the name can claim to exist if it does not have in view the achievement of the highest standard of integrity."**

— *Sardar Vallabhbhai Patel*

## Non-Thermal Stationary




## Thermal Stationary




Security features Serial No. (1) & (2) may not be available on the UTS tickets in some zonal railways.

## Part-B

# SECURITY FEATURES AVAILABLE ON UTS TICKET FOR VERIFICATION :- (ONLINE MODE)

| **Security features available in for Online verification through TTE App** | **QR code** | **UTS Number** |
|---|---|---|
| UTS on Mobile app (Paperless tickets & tickets issued through counters) | ✓ | ✓ |
| ATVM Ticket | ✓ | ✓ |
| UTS Ticket | ✓ | ✓ |
| STBA Ticket | ★ | ✓ |
| JTBS Ticket | ★ | ✓ |
| YTSK Ticket | ★ | ✓ |

★ QR Code available only on tickets generated through thermal printers.

Note : Any UTS ticket having QR code can be verified by scanning QR code using TTE app or HHT.


**"The most valuable wealth of a man is his knowledge, which cannot be destroyed; all other riches that he has gained are not considered to be wealth at all."**

*- Thiruvalluvar,*
*Tamil Poet and philosopher*

## Non-Thermal Stationary




## Thermal Stationary





1. TTE app is developed for Android platform
2. Following options are developed in TTE app for online ticket verification
   a) Scan Paperless QR Code generated in UTS on Mobile app
   b) Feed UTS Number (All Points of Sale)
   c) Scan Paper Ticket QR Code (generated through counters and ATVMs using thermal printer)



## ONLINE VERIFICATION OF UTS COUNTER TICKETS

**Option 1: For online verification of UTS ticket, TTE can feed UTS number of counter ticket and fetch ticket details from UTS server which will be displayed on his app screen for verification.**









**Ticket Verification in TTE App:-**

| UTS No. & Date | Mode | Issue time | Sync time | Verification time By UTS Number |
|---|---|---|---|---|
| **UTS No.:** 12IJE5Z010<br><br>Dated. 06.09.2025 | UTS Counter Ticket | 09:15 | 09:25 | 09:25 |
| | | **Remarks:-** *Ticket verification was attempted immediately but not verified/authenticated by UTS Number; another attempt was made after 10 minutes, which was successful. Such delays are a result of the "Thin Client Sync" system.* | | |

**Option 2: UTS ticket printed through Thermal printer at UTS counter has the additional provision of printing encrypted QR code with ticket details. TTE can scan the QR code in his app and get ticket details.**








**Ticket Verification in TTE App:-**

| **UTS No. & Date** | **Mode** | **Issue time** | **Sync time** | **Verification time By QR Code** |
|---|---|---|---|---|
| **1st UTS No.:** 12IJE5Z010 Dated 06.09.2025 | UTS Counter Ticket | 09:15 | 09:25 | 09:15 |
| | | ***Remarks:-*** *Ticket instantly can be verified/ authenticated by QR Code.* | | |

## ONLINE VERIFICATION OF Mobile-UTS (M-UTS) TICKETS

**Option 1: For online verification of M-UTS ticket, TTE can feed UTS number of M-UTS ticket and fetch ticket details from UTS server which will be displayed on his app screen for verification.**











**Ticket Verification in TTE App:-**

| UTS No. & Date | Mode | Issue time | Sync time | Verification time By UTS Number |
|---|---|---|---|---|
| **UTS No.:** 132RE5Z003 Dated: 06.09.2025 | M-UTS Tickets | 09:54 | 09:54 | 09:54 |
| | | ***Remarks:-*** *Ticket instantly verified/ authenticated by UTS Number.* | | |

**Option 2: UTS ticket printed through Thermal printer at M-UTS counter has the additional provision of printing encrypted QR code with ticket details. TTE can scan the QR code in his app and get ticket details.**









**Ticket Verification in TTE App:-**

| UTS No. & Date | Mode | Issue time | Sync time | Verification time By QR Code |
|---|---|---|---|---|
| **UTS No.:** 132RE5Z003 Dated 06.09.2025 | (M-UTS) Tickets | 09:54 | 09:54 | 09:54 |
| | | ***Remarks:-*** *Ticket instantly can be verified/ authenticated by QR Code.* | | |

## ONLINE VERIFICATION OF ATVM TICKETS

**Option 1: - For online verification of ATVM ticket, TTE can feed UTS number of ATVM ticket in his app to fetch ticket details from UTS server which will be displayed on screen for verification.**









**Ticket Verification in TTE App:-**

| UTS No. & Date | Mode | Issue time | Sync time | Verification time By UTS Number |
|---|---|---|---|---|
| **UTS No.:** 1XMYE5Z05E Dated 06.09.2025 | ATVM Tickets | 10:11 | 10:11 | 10:11 |
| | | ***Remarks:-*** *Ticket instantly verified/ authenticated by UTS Number.* | | |

**Option 2: On ATVM ticket (ATVMs procured after 2020), has the additional provision of printing encrypted QR code with ticket details. TTE can scan the QR code in his app and get ticket details.**





**Ticket Verification in TTE App:-**

| UTS No. & Date | Mode | Issue time | Sync time | Verification time By QR Code |
|---|---|---|---|---|
| **UTS No.:** 1XMYE5Z05E Dated 06.09.2025 | ATVM Tickets | 10:11 | 10:11 | 10:11 |
| | | ***Remarks:-*** *Ticket instantly can be verified/ authenticated by QR Code.* | | |

**ONLINE VERIFICATION OF JTBS TICKETS**

**For online verification of UTS ticket, TTE can feed UTS number of JTBS ticket and fetch ticket details from UTS server which will be displayed on his app screen for verification.**









**Ticket Verification in TTE App:-**

<table>
<tr><th>UTS No. & Date</th><th>Mode</th><th>Issue time</th><th>Sync time</th><th>Verification time By UTS Number</th></tr>
<tr><td rowspan="2">UTS No.: 12DLE5Z004 Dated 06.09.2025</td><td rowspan="2">JTBS Tickets</td><td>10:58</td><td>10:58</td><td>10:58</td></tr>
<tr><td colspan="3">Remarks:- Ticket instantly verified/ authenticated by UTS Number.</td></tr>
</table>

## ONLINE VERIFICATION OF YTSK TICKETS

**For online verification of UTS ticket, TTE can feed UTS number of YTSK ticket and fetch ticket details from UTS server which will be displayed on his app screen for verification.**









**Ticket Verification in TTE App:-**

<table>
<tr><th>UTS No. & Date</th><th>Mode</th><th>Issue time</th><th>Sync time</th><th>Verification time By UTS Number</th></tr>
<tr><td rowspan="2">UTS No.: 12XYE5Z000 Dated 06.09.2025</td><td rowspan="2">YTSK Tickets</td><td>11:09</td><td>11:09</td><td>11:09</td></tr>
<tr><td colspan="3">Remarks:- Ticket instantly verified/ authenticated by UTS Number.</td></tr>
</table>

## ONLINE VERIFICATION OF STBA TICKETS

**For online verification of UTS ticket, TTE can feed UTS number of STBA ticket and fetch ticket details from UTS server which will be displayed on his app screen for verification.**








**Ticket Verification in TTE App:-**

| UTS No. & Date | Mode | Issue time | Sync time | Verification time By UTS Number |
|---|---|---|---|---|
| **UTS No.:** 11WDE5Z04D Dated 06.09.2025 | STBA Tickets | 11:32 | 11:40 | 11:40 |
| | | **Remarks:-** *Ticket verification was attempted immediately but not verified/authenticated by UTS Number; another attempt was made after 08 minutes, which was successful. Such delays are a result of the "Thin Client Sync" system.* | | |

## ONLINE VERIFICATION OF TICKETS ISSUED THROUGH UTS ON MOBILE APP


**Option 1: - For online verification of UTS ticket, TTE can feed UTS number of UTS on Mobile app ticket in his app to fetch ticket details from UTS server which will be displayed on screen for verification.**




**Ticket Verification in TTE App:-**

| UTS No. & Date | Mode | Issue time | Sync time | Verification time By UTS Number |
|---|---|---|---|---|
| **UTS No.:** XC02E5Z051 Dated 06.09.2025 | UTS on Mobile App | 10:29 | 10:29 | 10:29 |
| | | ***Remarks:-*** *Ticket instantly verified/ authenticated by UTS Number.* | | |

**Option 2: - On UTS on Mobile ticket, has the additional provision of printing encrypted QR code with ticket details. TTE can scan the QR code in his app and get ticket details.**





**Ticket Verification in TTE App:-**

| UTS No. & Date | Mode | Issue time | Sync time | Verification time By QR Code |
|---|---|---|---|---|
| **UTS No.:** XC02E5Z051 Dated 06.09.2025 | UTS on Mobile App | 10:29 | 10:29 | 10:29 |
| | | ***Remarks:-*** *Ticket instantly can be verified/ authenticated by QR Code.* | | |

# CHAPTER-III

## Probable Manipulation On UTS Tickets (Case Study)

**Specimen Fake ticket**




1. The journey date was altered using chemicals, forged rubber stamps, or pen/pencil. **(The original date printed on the ticket, 26.11.24, was later altered to 27.11.24)**

2. The originating and destination stations were altered using chemicals and forged rubber stamps. **(The original source and destination printed on the ticket, Patna Jn. to Jehanabad, were later altered to Darbhanga to Ahmedabad)**

3. The details of via stations' code were altered using chemicals and forged rubber stamps. Originally, no via station was printed. (As the ticket was issued for a shorter distance; later, it was updated to **CI-BUJ-MBS-PRYJ-MKP-KNM**)

4. The distance on the UTS ticket was altered using chemicals and forged rubber stamps. **(The original distance of 45 km was altered to 237 km)**

5. The fare amount was altered using chemicals and forged rubber stamps. **(From original fare of ₹10 to ₹500)**

# CHAPTER-IV

## IMPORTANT TIPS FOR IDENTIFYING MANIPULATED TICKETS

Ticket checking staff plays a crucial role in identifying manipulated tickets and ensuring the authenticity of tickets issued by Indian Railways. Below are some useful tips for both offline and online verification of tickets to help prevent fraudulent activities:

### SECURITY FEATURES AVAILABLE IN UTS TICKET FOR OFFLINE VERIFICATION:

1. **Vowels Printed in Special Fonts:**

   All vowels (A, E, I, O, U) are printed in special fonts on the ticket. A manipulated ticket may not exhibit this feature accurately. *(This feature may not be available on some zonal railway)*

2. **Engine Printing on Top Left Corner:**

   The image/Logo of "Engine" is clearly printed on the top left corner of the UTS ticket. Ensure this feature is visible and legible. If it's missing or unclear, the ticket might be manipulated. *(This feature may not be available on some zonal railway)*

3. **Stock Number:**

   The last four digits of the stock number are printed through the application. Verify these numbers to ensure they match the ticket details.

4. **Random Number:**

   A unique random number is printed on the bottom left corner of each ticket. This number is identical for a specific destination on a given day, irrespective of the ticket issuing or boarding station. A mismatch in these random numbers can be a sign of tampering.

5. **Railway Watermark:**

   A watermark bearing the Indian Railways logo should be visible on the ticket stationery. If the watermark is absent or faint, it could indicate the ticket has been forged.

## SECURITY FEATURES FOR UTS TICKETS IN ONLINE MODE:

1. **TTE App:**

   The TTE app, developed for the Android platform, allows for seamless ticket verification. Ensure that the app is functioning correctly and is up to date.

2. **Online Verification Options in TTE App:**

   The app provides various options for online ticket verification. These include:

   **Scan Paperless QR Code**: For tickets generated via the UTS Mobile app.

   **Feed UTS Number**: For all points of sale, including counter tickets.

   **Scan Paper Ticket QR Code**: For tickets printed through counters and ATVMs using thermal printers.

   **Online Verification of UTS Counter Tickets/M-UTS Tickets:**

   - **Option 1**: The TTE can input the UTS number from the counter ticket into the app to fetch ticket details directly from the UTS server.
   - **Option 2**: Thermal-printed tickets from UTS counters include an encrypted QR code. Scanning the QR code via the TTE app provides ticket details for verification.

   **Online Verification of JTBS/YTSK/STBA Tickets:**

   - **For JTBS/YTSK tickets**, the TTE can feed the UTS number into the app to fetch details from the server.

   **Online Verification of ATVM Tickets:**

   - **Option 1**: The TTE can feed the UTS number from an ATVM ticket into the app to get ticket details.
   - **Option 2**: For ATVM tickets procured after 2020, a QR code is printed on the ticket. Scanning the QR code using the TTE app will provide ticket details for verification.

   **Online Verification of UTS Mobile App Tickets:**

   - **Option 1**: tickets generated in the UTS on Mobile app come with an encrypted QR code, which can be validated by scanning it through the TTE app.
   - **Option 2**: The TTE can feed the UTS number from the UTS Mobile App Tickets into the app to get ticket details.

## Best Practices for Ticket Checking Staff

- **Look for signs of tampering**: Ensure that all security features, such as special fonts, watermarks, and QR codes, are present and clear.
- **Verify through the TTE app**: Always use the TTE app for online verification to cross-check ticket details against the UTS server.
- **Do not solely rely on manual inspection**: A ticket may appear genuine at first glance, but the app verification will confirm its authenticity.
- **Update and maintain the app**: Make sure the TTE app is regularly updated to ensure accurate online verification.

## Points to Note

- Online verification of UTS tickets through the TTE app may not be available for tickets issued during a link failure, as the data is not synchronized with the UTS server.
- A link failure can disrupt online verification processes because data synchronization occurs at 8 minute intervals. In such cases, TTEs are advised to rely on the offline security features available on the ticket for verification.
- In cases where tickets are issued using non-thermal printers, the QR code may not be printed. TTEs may use the UTS ticket number to retrieve ticket details for verification.
- QR code scanning depends on the quality of thermal stationery and scanner.
- UTS tickets issued through various modes by Zonal Railways may not contain all security features. Therefore, TTEs are advised to use their discretion and verify tickets by considering a combination of available online and offline security features.

***********************************

भारतीय रेल • INDIAN RAILWAYS

सत्यमेव जयते

# नकली यूटीएस टिकट की पहचान




**सतर्कता निदेशालय**

**रेल भवन, नई दिल्ली**

**रेल मंत्रालय**

## अस्वीकरण

यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया गया है कि इस पुस्तिका में दी गई जानकारी सही और अद्यतन हो। इसके अलावा, इस पुस्तिका का उद्देश्य केवल यूटीएस टिकट की जाँच करते समय टिकट जाँच कर्मचारियों की जागरूकता बढ़ाना और उनका मार्गदर्शन करना है। टिकट जाँच कर्मचारियों को सलाह दी जाती है कि वे अधिक स्पष्टता के लिए संबंधित परिपत्र देखें। हालाँकि, मौजूदा वाणिज्यिक परिपत्रों से किसी भी प्रकार की त्रुटि या विचलन की स्थिति में सुधारात्मक कार्रवाई के लिए क्षेत्रीय रेलवे और रेलवे बोर्ड के संबंधित वाणिज्यिक अधिकारियों के ध्यान में लाया जा सकता है। यह पुस्तिका वाणिज्य निदेशालय, रेलवे बोर्ड की सहमति से प्रसारित की जा रही है। इस प्रकाशन के किसी भी हिस्से को किसी भी रूप में या किसी भी माध्यम से, जिसमें फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग, या अन्य इलेक्ट्रॉनिक या यांत्रिक तरीके शामिल हैं, किसी भी व्यावसायिक उपयोग के लिए, सतर्कता निदेशालय, रेल मंत्रालय की पूर्व लिखित अनुमति के बिना उद्धृत, वितरित या प्रेषित नहीं किया जा सकता है। सभी अधिकार सुरक्षित हैं।

**केवल आंतरिक सर्कुलेशन के लिए**

# प्रस्तावना

यूटीएस टिकटों में छेड़छाड़ और बिक्री के संबंध में एक स्रोत से मिली जानकारी के आधार पर, जाँच की गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि कुछ व्यक्ति बुकिंग कार्यालय के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में छेड़छाड़ किए गए यूटीएस टिकटों की बिक्री और अदला-बदली में संलिप्त थे। इसके बाद की गई छापेमारी में ऐसे कई यूटीएस टिकट बरामद किए गए जिनमें मार्ग, तिथि, आरंभ–गंतव्य स्थान, किराया आदि में हेरफेर पाया गया।

इस गिरोह द्वारा एक सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली अपनाई गई थी। पहले ये लोग आमतौर पर जेटीबीएस काउंटरों से कम मूल्य वाले यूटीएस टिकट प्राप्त करते थे। इन टिकटों को रासायनिक प्रक्रिया द्वारा साफ कर, रबर स्टाम्प से यात्रा संबंधी विवरण और किराया बदलकर उच्च मूल्य वाले टिकट के रूप में प्रस्तुत किया जाता था। दोषियों द्वारा मुख्य रूप से भोले-भाले, अनपढ़ और जागरूकता की कमी वाले यात्रियों को निशाना बनाया जाता था। गिरोह के कुछ सदस्य बुकिंग कतारों में खड़े होकर यात्रियों से मित्रवत व्यवहार करते और स्वयं को उसी गंतव्य की ओर यात्रा कर रहे होने का दावा करते। वे यात्रियों के लिए टिकट खरीदने का प्रस्ताव रखते और बाद में उनके हाथ में छेड़छाड़ किए गए टिकट सौंप देते तथा पूरे किराए की राशि नकद में वसूल लेते। यात्रियों से प्राप्त असली टिकटों का उपयोग बाद में यूटीएस काउंटर से रिफंड प्राप्त करने हेतु किया जाता था। यह केस स्टडी यूटीएस प्रणाली का दुरुपयोग करने वाले असामाजिक तत्वों द्वारा अपनाई गई विधियों की गहरी समझ प्रदान करती है, साथ ही यूटीएस टिकटों में उपलब्ध सुरक्षा विशेषताओं के प्रति कर्मचारियों में जागरूकता की आवश्यकता और इस प्रकार की पुनरावृत्ति को रोकने हेतु सख्त प्रवर्तन की महत्ता को रेखांकित करती है।

इसी परिप्रेक्ष्य में यह पुस्तिका तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य टिकट जांच स्टाफ एवं वाणिज्यिक कर्मचारियों को नकली या छेड़छाड़ किए गए यूटीएस टिकटों की पहचान करने में व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना है। इस पुस्तिका में अनारक्षित टिकट जारी करने के विभिन्न माध्यमों का विवरण दिया गया है, साथ ही ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों में टिकटों की जांच हेतु उपलब्ध सुरक्षा विशेषताओं की जानकारी दी गई है। इसके अतिरिक्त, फील्ड में देखे गए आम छेड़छाड़ के पैटर्न तथा निरीक्षण के दौरान असली और नकली टिकटों में अंतर करने हेतु आवश्यक सुझावों को भी विस्तारपूर्वक समझाया गया है। यह ध्यान देना आवश्यक है कि इस पुस्तिका में वर्णित सुरक्षा विशेषताएँ विभिन्न ज़ोनल रेलों में भिन्न हो सकती हैं। अतः वाणिज्य तथा टिकट जांच स्टाफ को सलाह दी जाती है कि वे ज़ोन-विशेष के विभिन्न वाणिज्यिक परिपत्रों का भी संदर्भ लें ताकि उन्हें विशिष्ट दिशा-निर्देशों की जानकारी प्राप्त हो सके।

यह पुस्तिका रेलवे बोर्ड के वाणिज्य निदेशालय की सहमति से संकलित की गई है। यदि इसमें कोई तथ्यात्मक त्रुटि या वर्तमान निर्देशों से कोई विचलन पाया जाए तो कृपया संबंधित मंडल/ज़ोनल रेलवे के वाणिज्य अधिकारियों को सूचित करें ताकि आवश्यक कारवाई की जा सके। यह प्रकाशन केवल वाणिज्य तथा टिकट जांच स्टाफ की जागरूकता और मार्गदर्शन के उद्देश्य से तैयार किया गया है ताकि वे यूटीएस टिकटों की जांच कर सकें तथा फील्ड में सतर्कता उपायों को सुदृढ़ कर सकें।

**के उमा महेश्वर राव**
**निदेशक सतर्कता (यातायात),**
**रेलवे बोर्ड**

भारतीय रेल

UTS

अनारक्षित टिकट

# विषय-वस्तु


| नं. | अध्याय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| I. | अनारक्षित टिकट जारी करने के विभिन्न तरीके | 6 |
| II. | क) सत्यापन हेतु यूटीएस टिकट (ऑफलाइन मोड) पर उपलब्ध सुरक्षा विशेषताएँ।<br>ख) सत्यापन हेतु यूटीएस टिकट (ऑनलाइन मोड) पर उपलब्ध सुरक्षा विशेषताएँ। | 7-22 |
| III. | यूटीएस टिकटों में संभावित हेराफेरी (केस स्टडी) | 23 |
| IV. | हेरफेर किए गए टिकटों की पहचान के लिए महत्वपूर्ण सुझाव | 24-26 |




# अध्याय-I

## अनारक्षित टिकटों को जारी करने के विभिन्न तरीके




| बिक्री केंद्र (पॉइंट ऑफ़ सेल) | | औसत बिक्री प्रतिदिन | शेयर % |
|---|---|---|---|
| **यूटीएस** | अनारक्षित टिकट सिस्टम | 4182690 | 60.79 |
| एटीवीएम | ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन | 1500272 | 21.80 |
| एमओबी | यूटीएस ऑन मोबाइल | 521504 | 7.58 |
| एसटीबीए | स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट | 450163 | 6.54 |
| जेटीबीएस | जन साधारण टिकट बुकिंग सेवक | 216445 | 3.15 |
| एमयूटीएस | मोबाइल यूटीएस | 5648 | 0.08 |
| वाईटीएसके | यात्री टिकट सुविधा केंद्र | 3666 | 0.05 |
| पी यूटीएस | पोर्टेबल यूटीएस | 901 | 0.01 |
| | **कुल** | **6881289** | **100%** |

* क्रिस द्वारा प्रदान किए गए डेटा के अनुसार

# अध्याय-II

## भाग- क

### सत्यापन के लिए यूटीएस टिकट पर उपलब्ध सुरक्षा विशेषताएँ :- ऑफ़लाइन मोड

| **ऑफ़लाइन सत्यापन के लिए ATVM/UTS टिकट में सुरक्षा विशेषताएँ उपलब्ध हैं** | **ATVM** | **UTS** | **JTBS /YTSK TKT** |
|---|---|---|---|
| # सभी स्वर (A, E, I, O, U) विशेष फ़ॉन्ट में मुद्रित ⇨ 1 | ✓ | ✓ | # |
| # इंजन यूटीएस टिकट के ऊपर बाईं ओर मुद्रित है ⇨ 2 | ✓ | ✓ | # |
| *यूटीएस टिकट पर मुद्रित स्टॉक संख्या के अंतिम चार अंक ⇨ 3 | ✓ | ✓ | ✓ |
| प्रत्येक टिकट के निचले बाएँ कोने पर यादृच्छिक संख्या मुद्रित होती है ⇨ 4 | ✓ | ✓ | ✓ |
| टिकट स्टेशनरी पर भारतीय रेलवे लोगो की वॉटरमार्क उपलब्धता ⇨ 5 | ✓ | ✓ | ✓ |


# कुछ जोनल रेलवे में थर्मल प्रिंटर की अनुपलब्धता के कारण सभी यूटीएस काउंटरों पर ये सुरक्षा सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हो सकती हैं।

* गैर-थर्मल प्रिंटर/स्टेशनरी का उपयोग करके जारी किए गए टिकटों पर स्टॉक नंबर के अंतिम चार अंक मुद्रित होते हैं। यदि टिकट थर्मल प्रिंटर/स्टेशनरी से मुद्रित किए जाते हैं, तो स्टॉक नंबर के सभी अंक यूटीएस टिकट पर मुद्रित होते हैं।


**"अगर किसी सेवा में सर्वोच्च ईमानदारी का उद्देश्य नहीं है, तो वह सच्ची सेवा नहीं कही जा सकती।"**

*— सरदार वल्लभभाई पटेल*

## गैर-थर्मल स्टेशनरी




## थर्मल स्टेशनरी




सुरक्षा विशेषताएं क्रमांक (1) एवं (2) कुछ ज़ोनल रेलवे के यूटीएस टिकटों पर उपलब्ध नहीं हो सकती हैं।

# भाग - ख

## सत्यापन के लिए यूटीएस टिकट पर उपलब्ध सुरक्षा विशेषताएँ :- (ऑनलाइन मोड )

| **टीटीई ऐप के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापन के लिए सुरक्षा विशेषताएँ उपलब्ध हैं** | **क्यूआर कोड** | **यूटीएस संख्या** |
|---|---|---|
| यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप (कागज रहित टिकट और काउंटरों के माध्यम से जारी टिकट) | ✔ | ✔ |
| ए.टी.वी.एम. टिकट | ✔ | ✔ |
| यू.टी.एस. टिकट | ✔ | ✔ |
| एस.टी.बी.ए. टिकट | ★ | ✔ |
| जे.टी.बी.एस. टिकट | ★ | ✔ |
| वाई.टी.एस.के. टिकट | ★ | ✔ |

★ क्यूआर कोड केवल थर्मल प्रिंटर का उपयोग करके बनाए गए टिकटों पर उपलब्ध है।

नोट: यूटीएस टिकटों का ऑनलाइन सत्यापन टीटीई ऐप या एचएचटी का उपयोग करके क्यूआर कोड स्कैन करके किया जा सकता है।


**"मनुष्य की सबसे मूल्यवान संपत्ति उसका ज्ञान है, जिसे नष्ट नहीं किया जा सकता; अन्य सभी अर्जित धन-संपत्तियाँ वास्तविक संपत्ति नहीं मानी जा सकतीं।"**

*— थिरुवल्लुवर,*
*तमिल कवि और दार्शनिक*

## गैर-थर्मल स्टेशनरी




## थर्मल स्टेशनरी





1. टीटीई ऐप, एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म के लिए विकसित किया गया है।
2. ऑनलाइन टिकट सत्यापन के लिए टीटीई ऐप में निम्नलिखित विकल्प विकसित किए गए हैं:
   क) यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप से जेनरेट किये गए पेपरलेस क्यूआर कोड स्कैन करें।
   ख) यूटीएस नंबर दर्ज करें (सभी "पॉइंट ऑफ़ सेल" पर)
   ग) पेपर टिकट क्यूआर कोड स्कैन करें (थर्मल प्रिंटर का उपयोग करके काउंटरों और एटीवीएम के माध्यम से जेनरेट)



## यूटीएस काउंटर टिकटों का ऑनलाइन सत्यापन

**विकल्प 1: यूटीएस टिकट के ऑनलाइन सत्यापन के लिए, टीटीई काउंटर टिकट का यूटीएस नंबर फीड कर सकता है और यूटीएस सर्वर से टिकट विवरण प्राप्त कर सकता है, जो सत्यापन के लिए उसके ऐप स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा।**





### टीटीई ऐप में टिकट सत्यापन:-


| यूटीएस सं. एवं तिथि | मोड | जारी करने का समय | सिंक करने का समय | यूटीएस नंबर द्वारा सत्यापन समय |
|---|---|---|---|---|
| **यूटीएस सं.** 12IJE5Z010 तिथि 06.09.2025 | यूटीएस काउंटर टिकट | 09:15 | 09:25 | 09:25 |
| | | *टिप्पणी:- टिकट सत्यापन का प्रयास तुरंत किया गया, लेकिन यूटीएस नंबर द्वारा सत्यापित/प्रमाणित नहीं हुआ; 10 मिनट बाद एक और प्रयास किया गया, जो सफल रहा। ऐसी देरी "थिन क्लाइंट सिंक" प्रणाली के कारण हुआ।* | | |

**विकल्प 2: यूटीएस काउंटर पर थर्मल प्रिंटर से प्रिंट किए गए यूटीएस टिकट में टिकट विवरण के साथ "एन्क्रिप्टेड क्यूआर कोड" प्रिंट करने का अतिरिक्त प्रावधान है। टीटीई अपने ऐप में क्यूआर कोड स्कैन करके टिकट विवरण प्राप्त कर सकता है।**












## टीटीई ऐप में टिकट सत्यापन:-

| यूटीएस सं. एवं तिथि | मोड | जारी करने का समय | सिंक करने का समय | क्यूआर कोड द्वारा सत्यापन समय |
|---|---|---|---|---|
| **यूटीएस सं.** 12IJE5Z010 तिथि 06.09.2025 | यूटीएस काउंटर टिकट | 09:15 | 09:25 | 09:15 |
| | | *टिप्पणी:- टिकट क्यूआर कोड द्वारा तुरंत सत्यापित/प्रमाणित किया जा सकता है।* | | |

## मोबाइल-यूटीएस (एम-यूटीएस) टिकट का ऑनलाइन सत्यापन

**विकल्प 1: एम-यूटीएस टिकट के ऑनलाइन सत्यापन के लिए, टीटीई एम-यूटीएस टिकट का यूटीएस नंबर फीड कर सकता है और यूटीएस सर्वर से टिकट विवरण प्राप्त कर सकता है, जो सत्यापन के लिए उसके ऐप स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा।**








### टीटीई ऐप में टिकट सत्यापन:-

| यूटीएस सं. एवं तिथि | मोड | जारी करने का समय | सिंक करने का समय | यूटीएस नंबर द्वारा सत्यापन समय |
|---|---|---|---|---|
| **यूटीएस सं.** 132RE5Z003 तिथि 06.09.2025 | एम-यूटीएस टिकट | 09:54 | 09:54 | 09:54 |
| | | *टिप्पणी:- टिकट यूटीएस नंबर द्वारा तुरंत सत्यापित/प्रमाणित हो गया।* | | |

**विकल्प 2: एम-यूटीएस काउंटर पर थर्मल प्रिंटर से प्रिंट किए गए यूटीएस टिकट में टिकट विवरण के साथ "एन्क्रिप्टेड क्यूआर कोड" प्रिंट करने का अतिरिक्त प्रावधान है। टीटीई अपने ऐप में क्यूआर कोड स्कैन करके टिकट विवरण प्राप्त कर सकता है।**









## टीटीई ऐप में टिकट सत्यापन:-

| यूटीएस सं. एवं तिथि | मोड | जारी करने का समय | सिंक करने का समय | क्यूआर कोड द्वारा सत्यापन समय |
|---|---|---|---|---|
| **यूटीएस सं.** 132RE5Z003 तिथि 06.09.2025 | एम-यूटीएस टिकट | 09:54 | 09:54 | 09:54 |
| | | *टिप्पणी:- टिकट क्यूआर कोड द्वारा तुरंत सत्यापित/प्रमाणित किया जा सकता है।* | | |

## एटीवीएम टिकटों का ऑनलाइन सत्यापन

**विकल्प 1: - एटीवीएम टिकट के ऑनलाइन सत्यापन के लिए, टीटीई अपने ऐप में एटीवीएम टिकट का यूटीएस नंबर फीड कर सकता है, जिससे यूटीएस सर्वर से टिकट विवरण प्राप्त हो जाएगा, जो सत्यापन के लिए स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा।**








### टीटीई ऐप में टिकट सत्यापन:-

| यूटीएस सं. एवं तिथि | मोड | जारी करने का समय | सिंक करने का समय | यूटीएस नंबर द्वारा सत्यापन समय |
|---|---|---|---|---|
| **यूटीएस सं.** 1XMYE5Z05E तिथि 06.09.2025 | एटीवीएम टिकट | 10:11 | 10:11 | 10:11 |
| | | *टिप्पणी:- टिकट यूटीएस नंबर द्वारा तुरंत सत्यापित/प्रमाणित हो गया।* | | |

**विकल्प 2: एटीवीएम टिकट (2020 के बाद खरीदे गए एटीवीएम) में, टिकट विवरण के साथ "एन्क्रिप्टेड क्यूआर कोड" प्रिंट करने का अतिरिक्त प्रावधान है। टीटीई अपने ऐप में क्यूआर कोड स्कैन करके टिकट विवरण प्राप्त कर सकता है।**









## टीटीई ऐप में टिकट सत्यापन:-

| यूटीएस सं. एवं तिथि | मोड | जारी करने का समय | सिंक करने का समय | क्यूआर कोड द्वारा सत्यापन समय |
|---|---|---|---|---|
| **यूटीएस सं.** 1XMYE5Z05E तिथि 06.09.2025 | एटीवीएम टिकट | 10:11 | 10:11 | 10:11 |
| | | *टिप्पणी:- टिकट क्यूआर कोड द्वारा तुरंत सत्यापित/प्रमाणित किया जा सकता है।* | | |

## जेटीबीएस टिकटों का ऑनलाइन सत्यापन

**यूटीएस टिकट के ऑनलाइन सत्यापन के लिए, टीटीई जेटीबीएस टिकट का यूटीएस नंबर फीड कर सकता है और यूटीएस सर्वर से टिकट विवरण प्राप्त कर सकता है, जो सत्यापन के लिए उसके ऐप स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा।**









### टीटीई ऐप में टिकट सत्यापन:-

| यूटीएस सं. एवं तिथि | मोड | जारी करने का समय | सिंक करने का समय | यूटीएस नंबर द्वारा सत्यापन समय |
|---|---|---|---|---|
| **यूटीएस सं.** 12DLE5Z004 तिथि 06.09.2025 | जेटीबीएस टिकट | 10:58 | 10:58 | 10:58 |
| | | *टिप्पणी:- टिकट यूटीएस नंबर द्वारा तुरंत सत्यापित/प्रमाणित हो गया।* | | |

## वाईटीएसके टिकटों का ऑनलाइन सत्यापन

**यूटीएस टिकट के ऑनलाइन सत्यापन के लिए, टीटीई वाईटीएसके टिकट का यूटीएस नंबर फीड कर सकता है और यूटीएस सर्वर से टिकट विवरण प्राप्त कर सकता है, जो सत्यापन के लिए उसके ऐप स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा।**









### टीटीई ऐप में टिकट सत्यापन:-

| यूटीएस सं. एवं तिथि | मोड | जारी करने का समय | सिंक करने का समय | यूटीएस नंबर द्वारा सत्यापन समय |
|---|---|---|---|---|
| **यूटीएस सं.** 12XYE5Z000 तिथि 06.09.2025 | वाईटीएके टिकट | 11:09 | 11:09 | 11:09 |
| | | *टिप्पणी:- टिकट यूटीएस नंबर द्वारा तुरंत सत्यापित/प्रमाणित हो गया।* | | |

## एसटीबीए टिकटों का ऑनलाइन सत्यापन

**यूटीएस टिकट के ऑनलाइन सत्यापन के लिए, टीटीई एसटीबीए टिकट का यूटीएस नंबर फीड कर सकता है और यूटीएस सर्वर से टिकट विवरण प्राप्त कर सकता है, जो सत्यापन के लिए उसके ऐप स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा।**








### टीटीई ऐप में टिकट सत्यापन:-

| यूटीएस सं. एवं तिथि | मोड | जारी करने का समय | सिंक करने का समय | यूटीएस नंबर द्वारा सत्यापन समय |
|---|---|---|---|---|
| **यूटीएस सं.** 11WDE5Z04D तिथि 06.09.2025 | एसटीबीए टिकट | 11:32 | 11:40 | 11:40 |
| | | *टिप्पणी:- टिकट सत्यापन का प्रयास तुरंत किया गया, लेकिन यूटीएस नंबर द्वारा सत्यापित/प्रमाणित नहीं हुआ; 08 मिनट बाद एक और प्रयास किया गया, जो सफल रहा। ऐसी देरी "थिन क्लाइंट सिंक" प्रणाली के कारण हुआ।* | | |

## यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से जारी टिकटों का ऑनलाइन सत्यापन


**विकल्प 1: यूटीएस टिकट के ऑनलाइन सत्यापन के लिए, टीटीई यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप से जेनरेट टिकट का यूटीएस नंबर फीड कर सकता है और यूटीएस सर्वर से टिकट विवरण प्राप्त कर सकता है, जो सत्यापन के लिए उसके ऐप स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा।**




### टीटीई ऐप में टिकट सत्यापन:-

| यूटीएस सं. एवं तिथि | मोड | जारी करने का समय | सिंक करने का समय | यूटीएस नंबर द्वारा सत्यापन समय |
|---|---|---|---|---|
| **यूटीएस सं.** XC02E5Z051 तिथि 06.09.2025 | यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप | 10:29 | 10:29 | 10:29 |
| | | *टिप्पणी:- टिकट यूटीएस नंबर द्वारा तुरंत सत्यापित/प्रमाणित हो गया।* | | |

**विकल्प 2: यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप टिकट में, टिकट विवरण के साथ "एन्क्रिप्टेड क्यूआर कोड" प्रिंट करने का अतिरिक्त प्रावधान है। टीटीई अपने ऐप में क्यूआर कोड स्कैन करके टिकट विवरण प्राप्त कर सकता है।**





**टीटीई ऐप में टिकट सत्यापन:-**

| यूटीएस सं. एवं तिथि | मोड | जारी करने का समय | सिंक करने का समय | क्यूआर कोड द्वारा सत्यापन समय |
|---|---|---|---|---|
| **यूटीएस सं.** XC02E5Z051 तिथि 06.09.2025 | यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप | 10:29 | 10:29 | 10:29 |
| | | *टिप्पणी:- टिकट क्यूआर कोड द्वारा तुरंत सत्यापित/प्रमाणित किया जा सकता है।* | | |

# अध्याय-III

## यूटीएस टिकटों में संभावित हेराफेरी (केस स्टडी)

नकली टिकट का नमूना




1. यात्रा की तारीख़ को रसायनों, जाली रबर स्टैम्प या पेन/पेंसिल का इस्तेमाल करके बदल देना **(टिकट पर छपी मूल तारीख़, 26.11.24 थी जिसे बाद में बदलकर 27.11.24 कर दिया गया)**

2. प्रारंभिक और गंतव्य स्टेशनों को रसायनों और जाली रबर स्टैम्प का इस्तेमाल करके बदल देना **(टिकट पर छपे प्रारंभिक स्टेशन पटना जंक्शन और गंतव्य स्टेशन जहानाबाद को बाद में बदलकर दरभंगा से अहमदाबाद कर दिया गया)**

3. वाया स्टेशनों के कोड का विवरण रसायनों और जाली रबर स्टैम्प का उपयोग करके बदल दिया गया। मूल रूप से, कोई वाया स्टेशन मुद्रित नहीं था। **(चूँकि टिकट कम दूरी के लिए जारी किया गया था; बाद में, इसे CI-BUJ-MBS-PRYJ-MKP-KNM में अपडेट कर दिया गया)।**

4. यूटीएस टिकट पर दूरी को रसायनों और जाली रबर स्टैम्प का इस्तेमाल करके बदल दिया गया। **(मूल दूरी 45 कि.मी. थी, जिसे बदलकर 237 कि.मी. कर दिया गया)**

5. रसायनों और जाली रबर स्टैम्प का उपयोग करके किराये की राशि में परिवर्तन किया गया। **(मूल किराये ₹10 से ₹500 तक)**

# अध्याय -IV

## हेरफेर किए गए टिकटों की पहचान के लिए महत्वपूर्ण सुझाव

भारतीय रेल द्वारा जारी टिकटों की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने और हेरफेर किए गए टिकटों की पहचान करने में टिकट जांच कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धोखाधड़ी गतिविधियों को रोकने में मदद करने के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों टिकट सत्यापन के लिए कुछ उपयोगी सुझाव निम्नानुसार हैं:

### "ऑफलाइन" सत्यापन के लिए यूटीएस टिकट में उपलब्ध सुरक्षा विशेषताएं:

1. **विशेष फ़ॉन्ट में मुद्रित स्वर(Vowel)**

   टिकट पर सभी स्वर (A, E, I, O, U) विशेष फ़ॉन्ट में मुद्रित होते हैं। हो सकता है कि छेड़छाड़ किए गए टिकट में यह विशेषता ठीक से न दिखाई दे। (कुछ क्षेत्रीय रेलवे की टिकटों पर यह विशेषता उपलब्ध नहीं हो सकती है)

2. **ऊपरी बाएँ कोने पर इंजन की छपाई**

   "इंजन" की छवि/लोगो UTS टिकट के ऊपरी बाएँ कोने पर स्पष्ट रूप से मुद्रित होता है। सुनिश्चित करें कि यह विशेषता दिखाई दे और पढ़ने योग्य हो। यदि यह गायब है या अस्पष्ट है, तो टिकट में छेड़छाड़ की गई हो सकती है। (कुछ क्षेत्रीय रेलवे की टिकटों पर यह विशेषता उपलब्ध नहीं हो सकती है)

3. **स्टॉक नंबर:**

   स्टॉक नंबर के अंतिम चार अंक एप्लिकेशन के माध्यम से मुद्रित होते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए इन संख्याओं की जाँच करें कि वे टिकट विवरण से मेल खाते हैं।

4. **यादृच्छिक संख्या:**

   प्रत्येक टिकट के निचले बाएँ कोने पर एक अद्वितीय यादृच्छिक संख्या मुद्रित होती है। यह संख्या किसी दिए गए दिन के किसी विशिष्ट गंतव्य के लिए समान होती है, चाहे टिकट जारी करने वाला या बोर्डिंग स्टेशन कोई भी हो। इन यादृच्छिक संख्याओं में कोई भी अंतर छेड़छाड़ का संकेत हो सकता है।

5. **रेलवे वॉटरमार्क:**

   टिकट स्टेशनरी पर भारतीय रेल के लोगो वाला वॉटरमार्क दिखाई देना चाहिए। यदि वॉटरमार्क नहीं है या धुंधला है, तो यह संकेत हो सकता है कि टिकट जाली है.

## ऑनलाइन मोड में यूटीएस टिकटों के लिए सुरक्षा विशेषताएँ

1. **टीटीई ऐप:**

   एंड्रॉइड प्लेटफ़ॉर्म के लिए विकसित टीटीई ऐप से टिकट सत्यापन आसान हो गया है। सुनिश्चित करें कि ऐप सही ढंग से काम कर रहा है और अपडेट है।

2. **टीटीई ऐप में ऑनलाइन सत्यापन विकल्प:**

   ऐप में ऑनलाइन टिकट सत्यापन के लिए कई विकल्प दिए गए हैं। इनमें शामिल हैं:

   **पेपरलेस क्यूआर कोड स्कैन करें:** यूटीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से जनरेट किए गए टिकटों के लिए।

   **यूटीएस नंबर दर्ज करें:** काउंटर टिकटों सहित सभी बिक्री केंद्रों के लिए।

   **पेपर टिकट क्यूआर कोड स्कैन करें:** थर्मल प्रिंटर का उपयोग करके काउंटरों और एटीवीएम के माध्यम से प्रिंट किए गए टिकटों के लिए।

   **यूटीएस काउंटर टिकटों /एम-यूटीएस टिकटों का ऑनलाइन सत्यापन:**

   - **विकल्प 1:** टीटीई काउंटर टिकट से यूटीएस नंबर ऐप में डालकर सीधे यूटीएस सर्वर से टिकट विवरण प्राप्त कर सकता है।
   - **विकल्प 2:** यूटीएस काउंटरों से थर्मल प्रिंटेड टिकटों में एक एन्क्रिप्टेड क्यूआर कोड होता है। टीटीई ऐप के माध्यम से क्यूआर कोड को स्कैन करने पर सत्यापन के लिए टिकट विवरण प्राप्त होता है।

   **जेटीबीएस/वाईटीएसके/ एसटीबीए टिकटों का ऑनलाइन सत्यापन:**

   - जेटीबीएस/वाईटीएसके टिकटों के लिए, टीटीई सर्वर से विवरण प्राप्त करने के लिए ऐप में यूटीएस नंबर दर्ज कर सकता है।

   **एटीवीएम टिकटों का ऑनलाइन सत्यापन:**

   - **विकल्प 1:** टीटीई टिकट विवरण प्राप्त करने के लिए एटीवीएम टिकट से यूटीएस नंबर**,** ऐप में दर्ज कर सकता है।
   - **विकल्प 2: 2020** के बाद खरीदे गए एटीवीएम टिकटों के लिए**,** टिकट पर एक क्यूआर कोड दर्ज होता है। टीटीई ऐप का उपयोग करके क्यूआर कोड को स्कैन करने पर सत्यापन के लिए टिकट विवरण उपलब्ध होगा।

   **यूटीएस मोबाइल ऐप टिकटों का ऑनलाइन सत्यापन:**

   - **विकल्प 1:** यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप में बनाए गए टिकट एक एन्क्रिप्टेड क्यूआर कोड के साथ आते हैं**,** जिसे टीटीई ऐप के माध्यम से स्कैन करके सत्यापित किया जा सकता है।
   - **विकल्प 2:** टीटीई यूटीएस मोबाइल ऐप टिकटों का यूटीएस नंबर डालकर सत्यापन हेतु टिकट विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

## टिकट जाँच कर्मचारियों के लिए सर्वोत्तम अभ्यास

- **छेड़छाड़ के संकेतों की जाँच करें:** सुनिश्चित करें कि सभी सुरक्षा विशेषताएँ, जैसे विशेष फ़ॉन्ट, वॉटरमार्क और क्यूआर कोड, मौजूद और स्पष्ट हैं।
- **टीटीई ऐप के माध्यम से सत्यापन करें:** यूटीएस सर्वर के टिकट विवरणों की जाँच करने के लिए हमेशा ऑनलाइन सत्यापन के लिए टीटीई ऐप का उपयोग करें।
- **केवल मैन्युअल निरीक्षण पर निर्भर न रहें:** पहली नज़र में टिकट असली लग सकता है, लेकिन ऐप सत्यापन इसकी प्रामाणिकता की पुष्टि करेगा।
- **ऐप को अपडेट और रखरखाव करें:** सटीक ऑनलाइन सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए सुनिश्चित करें कि टीटीई ऐप नियमित रूप से अपडेट होता रहे।

## ध्यान देने योग्य बातें

- टीटीई ऐप के माध्यम से यूटीएस टिकटों का ऑनलाइन सत्यापन लिंक विफलता के दौरान जारी टिकटों के लिए उपलब्ध नहीं हो सकता है, क्योंकि डेटा यूटीएस सर्वर के साथ सिंक्रोनाइज़ नहीं होता है।
- एक लिंक विफलता ऑनलाइन सत्यापन प्रक्रियाओं को बाधित कर सकती है क्योंकि डेटा सिंक्रोनाइजेशन 8 मिनट के अंतराल पर होता है। ऐसे मामलों में, टीटीई को इसके सत्यापन के लिए टिकट पर उपलब्ध ऑफलाइन सुरक्षा विशेषताओं पर भरोसा करने की सलाह दी जाती है।
- जब टिकट नॉन-थर्मल प्रिंटर का उपयोग करके जारी किए जाते हैं, तो क्यूआर कोड मुद्रित नहीं हो सकता है। टीटीई इसके सत्यापन के लिए यूटीएस टिकट संख्या का उपयोग करके टिकट विवरण पुनः प्राप्त कर सकते हैं।
- क्यूआर कोड की स्कैनिंग थर्मल स्टेशनरी और स्कैनर की गुणवत्ता पर निर्भर करती है।
- ज़ोनल रेलवे द्वारा विभिन्न मोड के माध्यम से जारी यूटीएस टिकटों में सभी सुरक्षा विशेषताएं नहीं हो सकती हैं। इसलिए, टीटीई को अपने विवेक का उपयोग करने और उपलब्ध ऑनलाइन और ऑफलाइन सुरक्षा विशेषताओं पर विचार करके टिकटों की सत्यापन करने की सलाह दी जाती है।

***********************************

भारतीय रेल • INDIAN RAILWAYS

सत्यमेव जयते

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

27 अक्टूबर - 2 नवंबर, 2025

# VIGILANCE AWARENESS WEEK

27th October - 2nd November, 2025




Vigilance Directorate
Rail Bhawan, New Delhi
Ministry of Railways

सतर्कता निदेशालय
रेल भवन, नई दिल्ली
रेल मंत्रालय